पेज थ्री देहरादून





विजेता टीम ट्रॉफी के साथ।

# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### मरीज की मृत्यु होने पर उसके ईलाज के बिल का भुगतान पूर्णतः माफ हो

**संवाददाता** देहरादून। अपने सपने संस्था के अध्यक्ष अरुण कुमार यादव ने कहा कि आये दिन देखने या सुनने में मिलता है प्राइवेट अस्पताल ईलाज के दौरान किसी के मृत्यु होने पर उसके ईलाज के बिल का भुगतान न होने पर उसके शरीर (बॉडी) को देने से इनकार कर देते हैं और अस्पताल प्रशासन कहता है जब आप ईलाज के बिल का भुगतान करेंगे तभी मृतक का शरीर (बॉडी ) मिलेगी।

### ऋषिकेश रेंज से हाथी फिर से आने लगे आबादी क्षेत्र में

**संवाददाता** ऋषिकेश। देहरादून वन प्रभाग के ऋषिकेश रेंज से हाथी फिर से आबादी की ओर आने लगे हैं। शुक्रवार की अलसुबह करीब दो बजे अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान मुख्य गेट के पास दो दांत वाला हाथी निकल आया। समीप श्यामपुर क्षेत्र की आबादी में एक दांत वाला हाथी सक्रिय है। दो दांत वाला नर यह हाथी एक वर्ष पूर्व वन रेंज से निकलकर हरिद्वार रोड बाबा काली कमली बगीचा, भरत बिहार के आसपास देखा जाता था।

### समय पर इलाज कराइए, जोड़ों के दर्द को दूर भगाइए

**संवाददाता** देहरादून। क्या आप जानते हैं कि घुटनों या कूल्हों में होने वाले जोड़ों के दर्द, जॉइंट्स की सख्ती, घुटनों का काम करना बंद कर देने या अकड़न आने का एकमात्र कारण सुस्ती और गलत मुद्रा में बैठना नहीं होता। मामला इससे ज्यादा गंभीर हो सकता है। शहर भर के डॉक्टरों के पास नौजवानों में गठिया रोग होने के बहुत से मामले सामने आ रहे हैं। मोटापा, सुस्त जीवनशैली और खान–पान की खराब आदतें गठिया रोग के प्राथमिक कारक है। रोग की जांच जल्दी कराकर हालात में सुधार लाया जा सकता है।

# गाजियाबाद से पिथौरागढ़ के लिए हवाई सेवा शुरू

**शुभारम्भ**

अब एक घंटे में गाजियाबाद से पहुंच सकेंगे पिथौरागढ़

मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने हिंडन एयरपोर्ट पर हवाई सेवा का शुभारम्भ किया



हवाई सेवा के शुभारंभ अवसर पर सीएम व अन्य।

देहरादून **संवाददाता**।

उत्तराखण्ड के विभिन्न स्थानों को हवाई कनेक्टिविटी से जोड़ने के प्रयासों में एक और सफलता मिली है। गाजियाबाद स्थित हिंडन एयरपोर्ट से पिथौरागढ़ के लिए नियमित हवाई सेवा प्रारम्भ कर दी गई है। शुक्रवार को मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने हिन्डन एयरपोर्ट पर आयोजित संक्षिप्त कार्यक्रम में हिन्डन– पिथौरागढ़–हिन्डन हवाई सेवा का औपचारिक शुभारम्भ किया।

हेरिटेज एविएशन कम्पनी का 9–सीटर विमान, सप्ताह में 6 दिन (गुरूवार को छोड़कर) उड़ान भरेगा। प्रतिदिन पिथौरागढ़ से सुबह 11.30 बजे प्रस्थान कर विमान 12.30 बजे हिंडन एयरपोर्ट पहुंचेगा। जबकि हिंडन एयरपोर्ट से अपराह्न 1 बजे प्रस्थान कर अपराह्न 2 बजे विमान पिथौरागढ़ पहुंचेगा। गाजियाबाद से पिथौरागढ़ के लिए हवाई सेवा शुरू होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र ने कहा कि इससे प्रदेश के पिथौरागढ़ के अलावा अल्मोड़ा, चम्पावत, बागेश्वर से देश की राजधानी तक पहुंचने में समय की काफी बचत होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली से पिथौरागढ़ तक सड़क मार्ग से जाने में काफी समय लगता था, जो मंहगा भी था। इस हवाई सेवा के शुरू होने से जहां लोगों के समय की बचत होगी, वहीं आर्थिक दृष्टि से भी लोगों को फायदा होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिथौरागढ़, सीमान्त जनपद होने के कारण यह हवाई सेवा सामरिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। उत्तराखण्ड, आपदा की दृष्टि से संवेदनशील राज्य है। कई बार गम्भीर स्थिति होने के कारण मरीजों को हायर सेंटर रैफर करना होता है। कम समय में दूरस्थ क्षेत्रों से हायर सेंटर तक पहुंचाने के लिए पर्वतीय क्षेत्रों में हवाई सेवाएं बहुत जरूरी हैं। कैलाश मानसरोवर जाने वाले यात्रियों को भी इस हवाई सेवा से लाभ मिलेगा।

मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र ने कहा कि पिथौरागढ़ में एक ट्यूलिप गार्डन बनाया जा रहा है। ट्यूलिप गार्डन बनाने का मुख्य उद्देश्य है कि राष्ट्रीय व अन्तरराष्ट्रीय पर्यटक यहां आयें और यहां के प्राकृतिक सौन्दर्य का आनन्द भी ले सकें। पर्वतारोहण के लिए पिथौरागढ़ आने वाले पर्यटकों को भी इस हवाई सेवा के शुभारम्भ होने से आसानी होगी। उत्तराखण्ड में पिछले कुछ वर्षों से हवाई कनेक्टिविटी का विस्तार किया गया है। जौलीग्रांट एयरपोर्ट को अंतरराष्ट्रीय स्तर का बनाया जा रहा है। हाल ही में मुम्बई–देहरादून–वाराणसी हवाई सेवा शुरू की गई है।

### खेल महाकुम्भ में इस वर्ष दो लाख से अधिक खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे

देहरादून **संवाददाता**। खेल महाकुम्भ को लेकर राज्य स्तरीय आयोजन समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए सचिव खेल व युवा कल्याण बृजेश कुमार सन्त द्वारा अवगत कराया गया कि खेल महाकुंभ, 2019 प्रदेश भर में नवम्बर माह के प्रथम सप्ताह से प्रारम्भ हो जाएंगे जिसका आयोजन क्रमशः न्याय पंचायत स्तर, ब्लॉक स्तर, जिला स्तर तथा अन्त में राज्य स्तर पर किया जायेगा। महाकुम्भ में इस वर्ष दो लाख से अधिक खिलाड़ियों द्वारा भाग लिया जायेगा। खेलों हेतु निर्धारित आयु वर्ग अंडर–12, अंडर–14, अंडर–17, अंडर–21 (सभी वर्गों में बालक–बालिका पृथक–पृथक), 21–25 आयु वर्ग हेतु महिला वर्ग तथा दिव्यांगजन रखे गये हैं। दिव्यांगजन के खेल आयोजन केवल राज्य स्तर पर होंगे। इसी प्रकार महिला वर्ग के खेल जिला एवं राज्य स्तर पर आयोजित होंगे। खेल महाकुम्भ में कुल 16 खेल प्रतियोगिताएं निर्धारित हैं जिनमें कबड्डी, एथलेटिक्स, खो–खो, वालीबाल, बैडमिंटन, फुटबाल, टेबल–टेनिस, ताईक्वांडो, बॉक्सिंग, जूडो, हैण्डबाल, बास्केटबाल, हॉकी, तैराकी, तीरंदाजी व तलवारबाजी शामिल हैं।

### यूनिसन वर्ल्ड स्कूल में वार्षिक स्पोर्ट्स मीट और स्कूल फेट आयोजित

**संवाददाता** देहरादून। यूनिसन वर्ल्ड स्कूल ने आज स्कूल परिसर के भीतर 12 वें वार्षिक दिवस समारोह 'नवरस' का आयोजन किया। वार्षिक दिवस का पहला दिन वार्षिक खेल मीट स्पर्धा' और वार्षिक स्कूल फेट श्कार्निवल' के साथ शुरू हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अंतर्राष्ट्रीय पैरा एथलीट और पद्म श्री अवार्डी दीपा मलिक उपस्थित रहीं। दीपा एक भारतीय एथलीट हैं और पैरालंपिक खेलों में पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला हैं। उन्हें हाल ही में राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। मोलिसा नितिचिकोर्न सब जूनियर श्रेणी,जिया नीलम जूनियर श्रेणी और बासु ठाकुर वरिष्ठ श्रेणी को सर्वश्रेष्ठ एथलीट अवार्ड से सम्मानित किया गया।

# बालिकाओं को बनाना है सशक्त एंव शिक्षित

**जन जागरूकता रैली**

■ अन्तर्राष्ट्रीय बालिका दिवस पर जन जागरूकता रैली को किया रवाना



देहरादून। **संवाददाता**

"बेटी तो जग की जननी है, हमें रक्षा अब इसकी करनी है" अभिव्यक्ति के साथ शुक्रवार को अन्तर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के महत्वपूर्ण अवसर पर चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग एवं बाल विकास व महिला कल्याण विभाग की संयुक्त पहल से जन जागरूकता रैली का स्थानीय पवैलियन मैदान से मुख्य विकास अधिकारी जी.एस रावत ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया, जिसमें विभिन्न शिक्षण संस्थाओं की छात्राएं, नर्सिंग, स्काउट गाईड, एनसीसी छात्र/छात्राएं सम्मिलित हुई यह जनजागरूकता रैली पवैलियन मैदान से एस्लेहॉल, गांधी पार्क व इन्दिरा मार्केट होते हुए वापस पवैलियन मैदान पंहुची। कार्यक्रम के अन्तर्गत मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित मुख्य विकास अधिकारी ने बालिका शिक्षा एवं समाज ने उनके अधिकारों को लेकर चर्चा की। जनजागरूकता रैली में छात्राओं द्वारा बालिका शिक्षा, भ्रूण हत्या पर रोक, पीसीपीएनडीटी एक्ट एवं मानसिक व शारीरिक उत्पीड़न पर रोक, भ्रष्टाचार मुक्त, स्वच्छता, लिंग भेद जैसे सन्देशों के नारे प्रचारित किये गये। अन्तर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर उप मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ एन के त्यागी ने बालिकाओं के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा इस वर्ष बालिका दिवस पर बालिका शक्ति अविरल, अलिखित जैसी थीम जारी की है, जिसमें बालिकाओं को सशक्त, शिक्षित एवं सम्पन्न बनाने पर विशेष जोर दिया गया।

### खुलेंगे एंटी ड्रग क्लीनिक

**संवाददाता** देहरादून। अब शिक्षा विभाग ने सभी स्कूलों को क्लीनिक खोलने के आदेश जारी किए हैं।







**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
**फैक्स नं०–**
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।



**उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि0**
विद्युत वितरण खण्ड (उत्तर), 18 ई.सी. रोड, देहरादून
कॉरपोरेट आइडेन्टटी सं0 U40109UR2001SGC025867

**निविदा सूचना**

अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु उत्तराखण्ड शासन प्रदत्त विद्युत कार्यो के लिए "क" श्रेणी के लाईसेन्स धारक, जी.एस.टी. ई.पी.एफ. के अन्तर्गत पंजीकृत, आयकर/पैन कार्ड धारक निविदादाताओं से मुहरबन्द निविदायें दो भागो में (प्रथम भाग में धरोहर धनराशि नियम एवं शर्तें, उत्तराखण्ड विद्युत निरीक्षक द्वारा निर्गत "ए" क्लास लाईसेंस की प्रतिलिपि, जी.एस.टी. ई.पी.एफ. पंजीकरण, पैनकार्ड की प्रतिलिपि आदि एवं द्वितीय भाग में दरें जो कि निविदा खुलने की तिथि से कम से कम छः माह तक वैध हों) दिनांक 31.10.2019 को 14:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो कि उसी दिन 15:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं अथवा उनके प्रतिनिधियों के सम्मुख अधोहस्ताक्षरी द्वारा सार्वजनिक रूप से खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 30.10.2019 (14:00 बजे) तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से निविदा प्रपत्र का मूल्य नगद (अप्रतिदेय) जमा कर क्रय किये जा सकते है। प्रत्येक निविदा की धरोहर राशि किसी भी राष्ट्रीय कृत बैंक की एफ0डी0आर0/सी0डी0आर0 के रूप में अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड (उत्तर), 18 ई0सी0रोड़, देहरादून के पक्ष में बंधक होनी चाहिए। बिना धरोहर राशि के निविदा भाग 2 नहीं खोली जायेंगी। निविदा खुलने की तिथि में अवकाश होने/अधोहस्ताक्षरी के मुख्यालय से बाहर होने पर अगले कार्य दिवस को निविदा खोली जाएगी। अधोहस्ताक्षरी को यह अधिकार होगा कि वह बिना कारण बताये समस्त अथवा किसी भी निविदा को निरस्त कर सकते है। विस्तृत नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में वर्णित है।

निविदा संख्या EDD(N)-04/19-20 उपखण्ड सहस्त्रधारा के अन्तर्गत 33 के.वी. लाईन हेतु वी.सी.बी. लगाने का कार्य, धरोहर राशि रू.3000.00, निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू)100.00 + जी.एस.टी.।

**अधिशासी अभियन्ता**

पत्रांकः 1381/विविख(उ)/ दिनांक 11/10/2019
किसी भी विद्युत समस्या के लिए सम्पर्क करें फ्रि न0 18004190405
"राष्ट्र हित में विद्युत बचायें"